हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 वर्षों बाद भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ झींक नदी पर पुल



# बादलों ने घटाई विजिबिलीटी, अतिथियों के विमानों की लैंडिंग पर संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार से होने वाला है। इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारियां अब पूर्णता की ओर है लेकिन इस बीच मानसून की सक्रियता के कारण घने बादलों ने चिंता बढ़ा दी है। कम ऊंचाई वाले घने बादलों के कारण दृश्यता कम हो गई है जिससे विमानों का परिचालन मुश्किल हो गया है। सरगुजा में शुरू की गई हवाई सेवा भी इन्ही कारणों से बंद है, सेना का विमान अम्बिकापुर आकर लैंड नहीं कर सका ऐसे में मुख्य अतिथियों के विमान किस तरह लैंड होंगे इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

वर्तमान में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है और आसमान में घने बादलों की आवाजाही जारी है। शहर से लेकर मैनपाट तक घने बादलों ने अपना डेरा जमाया है। ऐसे में पिछले तीन सप्ताह से मां महामाया एयरपोर्ट पर फ्लाई बिग कंपनी ने अपनी उड़ाने बंद कर दी है। विजिबिलिटी की कमी के कारण यात्री विमान का परिचालन नहीं होने से लोगों को सेवाएं नहीं मिल रही है। इस बीच यह भी जानकारी निकालकर सामने आई कि 4 जून को एयर फ़ोर्स का एक विमान भी अंबिकापुर पहुंचा था लेकिन दृश्यता की कमी के कारण वह लैंड नहीं कर पाया और उसे वापस लौटना पड़ा। इसके साथ ही 2 जुलाई को एयर एम्बुलेस से युवक का पार्थिव शरीर भी अंबिकापुर लाया ⏭ शेष पेज 4 पर

## 3 किमी से भी नीचे पहुंची विजिबिलिटी, खराब मौसम का पड़ सकता है असर

### दृष्यता घटकर पहुंची 3-4 के बीच

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में घने और कम ऊंचाई वाले बादल भी मौजूद है। यही वजह है कि दृश्यता में कमी आई है। वर्तमान में विजिबिलिटी 3 से 4 किलोमीटर के बीच ही रह गई है जबकि विमानों को लैंड करने के लिए न्यूनतम 5 किमी की दृश्यता तो चाहिए ही। इससे कम दृश्यता में विमान को उतारना मुश्किल होगा। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह खतरनाक होगा। मौसम विभाग का कहना है कि यह स्थिति अगले 9 जुलाई तक बने रहने की संभावना है। लगातार कम ऊंचाई वाले बादलों के कारण फुहार गिर रही है ऐसे में दृश्यता और भी घट जाती है।



### हम अपनी ओर से तैयार

हम अपनी ओर से पूरी तरह से तैयार है और एयरपोर्ट पर भी सभी तैयारियां पूर्ण है। परिस्थितियां और मौसम अनुकूल रहे तो फ्लाईट जरूर लैंड करेंगे।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर मां महामाया एयरपोर्ट

## हेलीकॉप्टर से जाना है मैनपाट तक : अनुराग

प्रदेश प्रवक्ता एवं हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के दौरान दरिमा एयरपोर्ट से मैनपाट आवागमन के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। यदि मौसम खराब रहा तो दरिमा में फ्लाइट लैंड होने के बाद अतिथियों को सड़क मार्ग से ही कार्यक्रमस थल तक ले जाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कल

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। उक्त बैठक में समिति के सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। वहीं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए गये है।

### कुदरगढ़ धाम से बैरंग लौटे श्रद्धालु



**अम्बिकापुर।** मूसलाधार बारिश के कारण रविवार को घंटों कुदरगढ़ पहाड़ का तेज रफ्तार पानी सीढ़ियों के रास्ते बहता रहा। इस दौरान खतरे को देखते हुए ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के पहाड़ी पर स्थित देवी के दर्शन पूजन एवं प्रवेश पर रोक लगा दिया। बारिश के दोरान देवी दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं तथा कई स्थानों पर नदी का पानी सड़क के ऊपर बहने के कारण घंटों आवागन प्रभावित रहा।

### राजेश बने नपा परिषद के नेता प्रतिपक्ष

**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद में भाजपा ने राजेश साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में महीनों से चर्चा चल रही थी। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। राजेश साहू को यह जिम्मेदारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल की अनुशंसा पर दी गई है। श्री साहू भाजपा के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो 4 बार के पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के कामकाज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेश साहू ने भाजपा आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे नगर की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत से निभाएंगे और जनता की आवाज बनकर नगर पालिका में काम करेंगे।



### चोरी का 3 टन कोयला जब्त बसदेई पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई निवासी शत्रुधन चौधरी अपने घर के ऑटो खड़ा करने वाला गैराज में अवैध रूप से चोरी का पथर कोयला रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से 3 टन कोयला बरामद किया। पुलिस ने शत्रुधन चौधरी से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लाकर घर में रखा था। मामले में पुलिस ने लगभग 15 हजार कीमत के 3 टन कोयला को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1-घ),303(2) के तहत अपराध दर्ज कर शत्रुधन चौधरी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

## पॉश कॉलोनियों में भरा घुटने तक पानी, घरों में कैद हुए लोग,11 घंटे में हुई 173 मिमी वर्षा

# भारी बारिश से जलमग्न हुआ शहर, डूबे इलाके



चोरका कछार में नाला के ऊपर बहता शहर का पानी।



खैरबार मछिंदरपारा की क्षतिग्रस्त पुलिया।



कुण्डा सिटी में जमा बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले 24 घंटे से हो रही आफत की बारिश शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। एनएच 43 की सड़क तालाब बन गई है। पानी के तेज बहाव में सरगवां स्थित बांकी नदी के किनारे 30 फीट गहराई तक मिट्टी कटाव होने के कारण कुछ पक्के घरों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं तथा जन-जीवन के लिए बड़ा संकट उतपन्न हो गया है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून श्री गंगानगर, शिवानी, आगरा, बांदा, डेहरी, पुरूलिया, कोलकाता होते हुए दक्षिण-पूर्व दिशा में उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्यप्रदेश एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में 1.5 किमी ऊंचाई पर सक्रिय है वहीं ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग एवं निकटवर्ती क्षेत्रों 7.6 किमी ऊंचाई पर सक्रिय है तथा दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। मौसमी घटकों के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र निकटवर्ती क्षेत्र में लो-प्रेशर बनने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्वी अरबसागर से उत्तर गजरात, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, झारखण्ड होकर पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र के उत्तरी भाग एवं चक्रवात परिसंचरण तक विस्तारित है। अरबसागर एवं खाड़ी से पर्याप्त नमी पहुंचने के कारण शनिवार की रात्रि 8 बजे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौसम कार्यालय द्वारा रात्रि 8 बजे से सुबह 7 बजे तक 172.8 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। मानसून के सिक्रय होने के बाद से ही चार-पांच दिनों की राहत देने के बाद रूक- रूक कर लगातार बारिश हो रही है लेकिन इसके पूर्व कभी भी 24 घंटे के भीतर 50 मिमी वर्षा नहीं हुई थी। शहर में 15 साल बाद 24 घंटे के भीतर इस तरह की भारी वर्षा हुई है। 10 साल पूर्व की भारी वर्षा के दौरान शहर में जल-जमाव की ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई थी जैसी स्थिति इस बार देखने को मिल रही है। शहर में कई इलाके ऐसे हैं जहां मूसलाधार बारिश होने के बाद जल भराव हो जाता है तथा लोगों का घर से बाहर ⏭ शेष पेज 4 पर

### खास बात

- पुलिया बहने से टूटा कई गांवों का संपर्क

### जलमग्न हुई कुण्डला सिटी

मूसलाधार बारिश के बाद खरसिया मार्ग स्थित रइशों की कॉलोनी कुण्डला सिटी रात में जलमग्न हो गई। इलाके में महामाया पहाड़ का पानी भरने एवं कॉलोनी में जमा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण कॉलोनी जलमग्न हो गई तथा कॉलोनी की सैकड़ों दुकानों एवं घरों में पानी भर गया। कॉलोनी की सड़कों पर रविवार की शाम चार बजे तक तीन फीट ऊंचाई तक पानी भरा रहा। कॉलोनीवासियों ने जैसे-तैसे रात गुजारी तथा रविवार को लोग सक्रिय हुए तो शाम में ननि अमला हरकत में आया। आसपास में पानी निकासी का विकल्प नहीं मिलने के कारण शाम को संकटल्प हास्पीटल के पीछे की पक्की सड़क को खोदा गया तो कॉलोनी के पानी की निकासी शुरू हुई। देर रात तक कॉलोनी में जमे पानी की निकासी होने की संभावना जताई जा रही है। नमनाकला स्थित सनसिटी कॉलोनी भी बारिश से जलमग्न हो गई तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सांसद और महापौर ने लिया जायजा

24 घंटे की आफत की बारिश से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश से शहर जलमग्न हो गया। लोगों के घरों और कालोनियों में पानी भर गया। ऐसे में सांसद चिंतामणि महाराज और महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पानी निकासी की समस्या को लेकर कालोनी वासियों से बात की और उन्हें भविष्य में सुधार का आश्वासन दिया।



## घुनघुट्टा बांध के खुले पांच गेट

मैनपाट में भी शनिवार की पूरी रात मूसलाधार बारिश हुई जिसके कारण रात 11 बजे श्याम घुनघुट्टा बांध में 90 फीसदी से अधिक पानी भर गया। घुनघुट्टा नदी के तेज प्रवाह को देखते हुए अधिकारियों ने आनन-फानन में बांध के पांच गेट खोलकर पानी को नियंत्रित किया। इसके दो दिन पूर्व बांध का एक गेट खोला गया था। बांध के पांच गेट को 60 सेमी खोला गया है साथ ही नहरों के माध्यम से भी बांध का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग ने दिन के समय बांध में 90 फीसदी एवं रात में 85 फीसदी पानी रखने का निर्णय लिया है। बांध का पानी छोड़ने एवं मूलसलाधार बारिश होने के कारण घुनघुट्टा नदी उफान पर है।



## इन इलाकों में भरा पानी



मूसलाधार बारिश से संभाग मुख्यालय पानी-पानी हो गया है। बारिश के बीच शहर की सड़कें एवं गलियां नाले में तब्दील हो गई थी। सड़क एवं गलियों से तेज धार से बारिश का पानी बह रहा था। भारी बारिश से शहर के बौरीपारा वार्ड स्थित महादेव गली एवं घुटरापारा में पानी भर गया। महादेव गली में वर्षा जल के तेज बहाव में एक बाइक वहीं घुटरापारा में एक गाय बह गई। इस दौरान अस्पताल मार्ग में डेढ़ फीट से दो फीट तक पानी बहता रहा। अस्पताल के पास डॉ. जेके भुटानी गली का भी बुरा हाल था तथा गली की सड़क से तेज रफ्तार से घंटों पानी बहता रहा। बारिश के दौरान सत्तीपारा वार्ड स्थित कैलाश मोड़ सहित शहर के अन्य निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को मेरिन ड्राइव तालाब लबालब हो गया अत्यिधक पानी भरने के कारण तालाब का पानी रिंग रोड पर तेज रफ्तार से बहता रहा।



### अमेरा खदान में भरा पानी

भारी बारिश के बाद एसईसीएल की अमेरा खुली खदान लबालब हो गई है। खदान का पानी निकालने के लिए घुनघुट्टा नदी तक ड्रेनेज तैयार किया गया है। घुनघुट्टा नदी का जलस्तर बढ़ने पर खदा की पानी निकासी बंद हो जाता है तथा नदी का पानी खदान में भरने लगता है। विभाग ने गेट खोलने के एक दिन पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों एवं खान प्रबंधक को बांध का गेट कभी भी खोलने की सूचना दी थी लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। रविवार को खदान का जल स्तर बढ़ने पर अधिकारी सक्रिय हुए। हालांकि खदान में लम्बे समय से उत्पादन बंद है लेकिन पानी भरने की घटना सुरक्षा मानकों की अवहलना है तथा खदान धसकने की संभावना है। पानी सूखने में वर्षों का समय लगने के कारण खदान विस्तार पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## शिवपुर, रामपुर छुहिपारा रोड हुआ बंद

भारी बारिश से जिले भर में नदी नाले उफान पर है। आलम यह है कि जिले के बेलहर बांध का पानी शिवपुर के पास रोड के ऊपर पानी बह रहा है। पानी के तेज बहाव में लोक निर्माण विभाग की सड़क कट गई है जबकि मार्ग पर बना एरिगेशन का एक्वाडक्ट भी बह गया है। जिसके कारण शिवपुर वासियों के करजी चौक से सम्पर्क टूट गया है। ग्रामवासियों से इस बात की सूचना मिलने पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। राकेश गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी और सिचाई विभाग के अधिकारियों से फ़ोन पर बात कर रोड निर्माण के लिए त्वरित पहल की मांग की। इसके साथ ही जल स्तर कम होने और मरम्मत कार्य होने तक संकेतक लगाकर आवागमन रोकने की मांग की ताकि लोग दुर्घटना के शिकार न हो। वहीं रामपुर छुहिपारा रोड में भी पानी सड़क पर बह रहा है। क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और लोगों का संपर्क टूट गया है। इस दौरान पारस गुप्ता, नारद गुप्ता, प्रमेन्द्र सरजाल, संजीव कश्यप,चोरकीडीहा, राज कश्यप, कुशल गर्ग ,राकेश सोनी समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

### खैरबार मछिन्दरपारा में बह गई पुलिया

आफत की बारिश के कारण शहर से लगे खैरबार के मछिन्दर पारा में पाइप पुलिया बह गई। पुलिया के बीच से रात में ही टूटकर बह जाने से क्षेत्र के लोगों की समस्या बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि रात में हुई भारी बारिश के बाद खेत और जंगल से पानी तेजी से निकला। यही पानी आगे जाकर बांकी नदी में मिल जाता है। भारी बारिश के कारण पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पुलिया दबाव नहीं झेल पाया। इस घटना के बाद अब खैरबार के बौनापारा, करौदाझरिया, बासा, राता, कोरिमा, उदारी के लोगों का आवागमन बंद हो गया है और उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### सत्यम बने सीए, बढ़ाया कोरिया का मान

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के होनहार और प्रतिभाशाली छात्र



सत्यम बड़ेरिया ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए बनने में सफलता अर्जित की है। वे आरंभ से ही मेहनत व लगन से शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर के अलावा उन्होंने उच्च शिक्षा पुणे (महाराष्ट) से प्राप्त की थी। सत्यम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवारजन को दिया है। उन्होंने कहा कि एकाग्रचित और पूरी लगन निष्ठा से कार्य करने से सफलता मिलती ही है। सत्यम बड़ेरिया स्थानीय व्यवसायी अशोक बड़ेरिया के पुत्र है। उनकी सफलता का पूरा परिवार खुश है। सत्यम की इस उपलब्धि पर बैकुंठपुर नगरवासियों ने भी सत्यम को बधाई दी है ।

### कबीरपंथी धर्मगुरु का सत्संग प्रवास



**अनूपपुर।** कबीरपंथ समुदाय के पूज्य धर्मगुरु प्रकाशमुनी नाम साहेब के पुत्र उदितमुनि नाम साहेब इन दिनों सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवास पर निकले हुए हैं। वे पिछले एक माह से भी अधिक समय से विभिन्न गांवों, नगरों एवं स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। अपने इस प्रवास के दौरान उन्होंने कोतमा क्षेत्र के मझौली गांव में रामरतन महरा के निज आवास पर पहुंचकर भेंट की, जहां स्थानीय कबीरपंथी अनुयायियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही वे ग्राम पंचायत चुकान, झिरिया टोला और बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित सोमनाटोला भी पहुंचे, जहां उन्होंने सत्संग किया और लोगों को मानवता, प्रेम, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### किसानों को निःशुल्क बीज वितरण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार और उत्पादन वृद्धि को लेकर कृषि विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल योजना के अंतर्गत किसानों को उन्नत किस्म के मूंगफली बीज और अरहर मिनीकीट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, जिससे उन्हें वैकल्पिक फसलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। इसी क्रम में 1 जुलाई को विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत बहरासी एवं खमरौध में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुखमंती सिंह, जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, स्थानीय जनपद सदस्यगण एवं सरपंच महोदयाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### शराब के नशे में पति ने पत्नी की ली जान

**अनूपपुर।** पति ने शराब के नशे में अपनी पत्नी की जान ले ली। मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना राजेन्द्र ग्राम अंतर्गत ग्राम धीरू टोला निवासी अज्जू यादव उम्र 38 वर्ष ने शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की, इससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक एसपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी अज्जू यादव और उसकी पत्नी पवरिया उम्र 35 वर्ष दोनों शराब के नशे में थे और नशे की हालत में दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इस दौरान अज्जू यादव ने अपनी पत्नी को लात से मार दिया, इससे महिला दीवार से टकरा गई, इसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अज्जू यादव के विरुद्ध धारा 103 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### बिजली मंडल में मनी डॉ. मुखर्जी जयंती

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और राष्टवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को भाजपा मंडल बिजली द्वारा श्रद्धा, संकल्प और उत्साह के साथ मनाई गई। मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा के आह्वान पर यह कार्यक्रम मंडल के सभी 40 बूथों और वार्डों में एक साथ आयोजित किया गया।

## चहुंओर जलमग्न हुए नदी-नाले, जगह-जगह जलभराव

# हसदेव नदी उफान पर, एनएच-43 पर थमा आवागमन



उफान पर हसदेव नदी।



जोखिम में जल भराव को पार करता बोलेरो का चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ कोरिया-एमसीबी जिले में बारिश का कहर

कोरिया-एमसीबी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे आम जनजीवन अब खासा प्रभावित हो रहा है। कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क भी प्रभावित हुआ है।

प्रशासन ने आमजन को सचेत करते हुए तेज बहाव वाले नदी-नालों, सड़कों और पुल-पुलियों को पार करने से मना किया है। साथ ही वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। कोई भी व्यक्ति यदि तेज बहाव में वाहन या पैदल पार करने का प्रयास करता है, तो जान जोखिम में पड़ सकती है। बीते वर्षों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार सुबह से एमसीबी जिले के नागपुर के समीप भारी बारिश के कारण हसदेव नदी उफान पर है साथ ही हसदेव घाट पर बाढ़ का पानी सड़क पर चढ़ गया, जिससे नेशनल हाइवे पर आवागमन बाधित हो गया है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसदेव घाट की सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग जान की परवाह किए बिना जोखिम उठाकर वाहन लेकर बाढ़ के पानी से गुजरने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

नेशनल हाइवे जाम होने से आपात सेवाएं और जरूरी आपूर्ति भी प्रभावित हुई हैं, वहीं क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बाढ़ नियंत्रण दल की उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। न ही स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई मार्गदर्शन या चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं।

## अमृतधारा जलप्रपात की ओर जाने पर प्रतिबंध

बीते दिनों लगातार बारिश के चलते मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के नदी-नालों और जलप्रपातों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। अनुमंडल अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार स्वयं मोर्चा संभालते हुए क्षेत्रीय निरीक्षण पर निकले और अमृतधारा जलप्रपात सहित आसपास के संवेदनशील स्थलों का जायजा लिया। जलप्रपात और नदी क्षेत्र में आमजन की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाते हुए मौके पर बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अमृतधारा जलप्रपात के निकट सीधे पहुंचने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम लिंगराज सिदार ने बताया कि जलप्रपात का बहाव अत्यंत तीव्र हो चुका है। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए लोगों को सुरक्षित दूरी से ही प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करने की अपील की जाती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की अपील है कि नदी-नालों और जलप्रपातों के समीप न जाएं, मौसम की गंभीरता को समझें, प्रशासन का सहयोग करें, आपात स्थिति में 112 या स्थानीय कंट्रोल रूम को सूचित करें।



अमृतधारा में बेरिकेटिंग करते प्रशासन के लोग।

### नागपुर के पास हसदेव घाट पर सड़क डूबी

**नागपुर।** हसदो नदी के बगल से गुजरने वाले नेशनल हाईवे रोड में जमद्वारी पहाड़ के बीच हसदो नदी का बाढ़ रोड में चढ़कर बह रहा था, इससे वाहनों



की आवाजाही बंद हो गई, इससे गाड़ियां दोनों तरफ जाम हो गई थी। रविवार की सुबह 6 बजे नागपुर पुलिस बल ने बाढ़ स्थल पर पहुंच करके सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दोनों तरफ गाड़ियों को रुकवा दिए, ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घट सके, जैसे ही बाढ़ का पानी 1 घंटे बाद कम हुआ वैसे ही रोड में आवागमन बहाल कर दिया गया।

### नदियों का जलस्तर बढ़ा

**मनेन्द्रगढ़।** रविवार की सुबह लगभग 6 बजे से शुरू हुई मूसलधार बारिश ने मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे जिले को तरबतर कर दिया। बारिश का सिलसिला दिनभर रुक-रुक कर चलता रहा, इससे





जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। बारिश के कारण जिले की प्रमुख नदियां हसिया, हसदेव और विशाल बोरा उफान पर आ गईं। इनके जल स्तर में अचानक वृद्धि देखी गई, जिससे प्रशासन भी सतर्क हो गया है। नदी किनारे बसे इलाकों में संभावित जलभराव और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है। नगर प्रशासन द्वारा नदियों के किनारे बसे ग्रामवासियों को सतर्क रहने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी आपात स्थिति के लिए आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट पर रखा गया है। तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मुख्य बाजार, बस स्टैंड तिराहा और रेलवे स्टेशन के आसपास पानी भरने से आवाजाही में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान जिले में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

## किराना व्यापारी के गोदाम में चोरी, महुआ-चावल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ रात में गोदाम का ताला तोड़कर सेंधमारी

एमसीबी जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत शिवपुर बाजार स्थित मेन रोड पर संचालित एक किराना व्यवसायी के गोदाम में बीती रात चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने गोदाम से लगभग 9 हजार रूपए मूल्य का महुआ व चावल पार कर दिया। व्यवसायी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। धन सिंह निवासी ग्राम बरदर जो शिवपुर बाजार में किराना दुकान संचालित करते हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दुकान के सामने सड़क के उस पार स्थित गोदाम में वे बिक्री के लिए अनाज, महुआ, चावल आदि रखते हैं। 30 जून की रात लगभग 9 बजे वे गोदाम में ताला लगाकर अपने गांव लौट गए थे। अगली सुबह 1 जुलाई को लगभग 6 बजे जब वे टहलते हुए गोदाम के पास पहुंचे, तो देखा कि गोदाम की सिकड़ी उखड़ी हुई थी, ताला वहीं लटका था और दरवाजा आधा खुला हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने गांव के सरपंच विजय सिंह और रामफल को बुलाया और गोदाम के अंदर जाकर देखा, तो पाया कि गोदाम से 1 क्विंटल महुआ कीमत 6000 एवं 1 क्विंटल चावल कीमत 3000 गायब था। पीड़ित व्यवसायी ने तुरंत थाना में अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्थानीय व्यापारियों ने चोरी की इस घटना पर नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। प्रशासन से अपेक्षा है कि शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

### मिड-डे मील का 50 किलो चावल ले उड़े चोर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के चरचा थाना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा में बीते गुरुवार रात्रि अज्ञात चोरों ने मिड-डे मील किचन का ताला तोड़कर भीतर रखे 50 किलो चावल की बोरी चोरी कर ली। इस चोरी की कीमत लगभग 1250 रूपए आंकी गई है। मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बिजेन्द्र कुमार मानिकपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जुलाई की शाम 5:30 बजे विद्यालय बंद कर स्टाफ घर चला गया था। अगली सुबह 3 जुलाई को पाली की सहायिकाएं खुशबू, सपना देवांगन एवं महुआ मैती जब विद्यालय पहुंची तो देखा कि किचन रूम का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी चावल की बोरी गायब थी। घटना की जानकारी उन्होंने पाली शिक्षक सौरभ शाह को दी, इसके बाद विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच में पाया गया कि दो अज्ञात युवक रात में विद्यालय परिसर में दाखिल हुए और किचन रूम की ओर जाकर चावल की बोरी लेकर निकलते हुए कैमरे में कैद हुए। यह फुटेज विद्यालय के कर्मचारी मनीष पटेल एवं मंगल सिंह ने भी देखा है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से थाना प्रभारी चरचा को लिखित सूचना दी गई है और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन से विद्यालय परिसर में रात्रि प्रहरी या निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठ रही है।

## दूसरे राज्य के पर्यटक पहुंचते हैं अमृतधारा

**मनेन्द्रगढ़।** छग की प्रमुख हसदेव नदी सोनहत (कोरिया) के मेण्ड्रा की पहाड़ियों से घने जंगल और प्रकृति की सुरम्य वादियों से निकलकर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम लाई के पास हसदेव नदी का पानी जब 100 फीट की ऊंचाई से गिरता है तथा ऊंचाई से गिरने के कारण तथा जल के छोटे-छोटे कण हवा में आसपास बिखरते हुए मन को ठंडक पहुंचाते हैं।



एमसीबी जिले ही नहीं राज्य की प्रमुख जलप्रपातों में शामिल है। यही कारण है कि अन्य राज्यों के पर्यटक भी काफी संख्या में यहां पहुंचते हैं। आजकल वर्षा ऋतु में इसकी विशालता देखने को बनती है। जिले के इतिहासकार डॉ. विनोद पांडेय जो जिले के पर्यटन व पुरातत्व विभाग के नोडल अधिकारी भी हैं प्राचीन की किवदंती के बारे में बताते हैं कि महर्षि बामदेव जो घने जंगलों के मध्य एकांत में इस झरने के निकट तपस्यारत थे, यही पर महर्षि सूत जी ने उन्हें 18 विधाओं से युक्त पुराणो की संपूर्ण कथा एवं शिव पुराण सुनाया, इस पर महर्षि बामदेव ने कहा कि प्रभु आपने वर्षभर अमृत की वर्षा की है, इसलिए इस धारा का नाम अमृतधारा रहेगा और तब से लोग इसे अमृतधारा कहने लगे। वास्तव में इस स्थान का पुराना नाम किरवाही था तथा कुछ वर्ष पूर्व तक 40-50 घरों की बस्ती थी तथा गोंड और चेरवा जनजाति के लोग निवास करते थे। डॉक्टर पांडेय ने बताया कि यह स्थान धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, यहां भगवान शिव का एक मंदिर है, जहां महाशिवरात्रि में मेला लगता है। कहा जाता है कि कोरिया रियासत के राजा रामानुज प्रताप सिंहदेव 1936 में इस मेले का प्रारंभ किए थे। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से 26 किमी दूर है राष्ट्रीय राजमार्ग 43 ग्राम लाई से 8 किमी अंदर एकांत में स्थित यह अत्यंत रमणीय स्थल है। यहां जिला प्रशासन द्वारा कुछ वर्षों से अमृतधारा महोत्सव मनाया जाता है तथा वन विभाग का एक रेस्टहाउस तथा जिला पंचायत का एक भवन व कुछ कॉटेज बनाए गए हैं। वर्तमान में उनके मेंटेनेंस का काम चल रहा है। बच्चों के लिए पार्क है तथा जिला प्रशासन व वन विभाग पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## नाली निर्माण के लिए खोदा गड्ढा बना मुसीबत



गड्ढे में जल भराव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिला अंतर्गत जनकपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में विकास के नाम पर ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा अब वार्डवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है। बारिश कि वजह से गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिससे घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि नगर सरकार के जिम्मेदारों के लापरवाही से ठेकेदार द्वारा लगभग 2 माह पूर्व लोगों के दरवाजे में नाली निर्माण करने के लिए जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर छोड़ दिया और गायब हो गया है, इससे इन दिनों बारिश का पानी गड्ढ़ा में भरकर ओवरफ्लू होकर सड़क में बह रहा है, इससे पूरा रास्ता इन दिनों कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में लोगों को अपने घरों से निकलकर सड़क में चलना मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों का कहना है कि ठेकेदार नाली के लिए गड्ढ़ा खोदने के बाद नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किए और पिछले 2 माह से गायब हो गए हैं, इससे बारिश के इस मौसम में वार्ड की स्थिति और भी खराब हो गई है। वार्डवासियों को मजबूरी में घर से निकलकर पानी से भरा हुआ नाली के गड्ढ़ा को पार करके सड़क में फैली कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है।

### कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत गांव में शोक का माहौल

**कटगोड़ी।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी के बाजार मोहल्ला में शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान उमाशंकर सिंह पिता बैजनाथ सिंह निवासी चुहियापारा के रूप में हुई है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए मकान में रह रहे थे। घटना 5 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे की है। मृतक उमाशंकर सिंह पानी भरने के लिए पास के कुएं पर गए थे, जहां पानी भरने के दौरान बाल्टी डालते समय अचानक पैर फिसल गया और वे कुएं में गिर पड़े। गिरने के दौरान उनके मुख पर गंभीर चोट लगने की आशंका है, जिससे वे बेहोश होकर कुएं में ही डूब गए। जब देर तक वे वापस नहीं लौटे तो परिजन और पड़ोसियों ने खोजबीन शुरू की। कुएं के पास गमछा, बाल्टी और रस्सी मिलने पर शक हुआ, जिसके बाद कुएं में झांकने पर डूबा हुआ शव दिखाई दिया। सूचना पर रविवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## दुकान मालिक से विश्वासघात स्टाफ ने की हजारों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के चिरमिरी थाना अंतर्गत मेन रोड डोमनहिल क्षेत्र स्थित एक किराना एवं कपड़ा दुकान में कार्यरत कर्मचारी द्वारा लगातार चोरी करने का मामला सामने आया है।

दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद चोरी का खुलासा किया और अब मामले की लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराई है। प्रार्थी रोशन झा पिता प्रेमकांत झा उम्र 28 वर्ष निवासी मेन रोड डोमनहिल चिरमिरी ने बताया कि उनकी दुकान में खलेश्वर राजवाड़े नामक युवक बीते तीन वर्षों से कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। पिछले कुछ समय से उन्हें संदेह हो रहा था कि कर्मचारी दुकान का सामान बेचकर रूपए गुपचुप तरीके से अपने पास रखता है। 27 जून को जब उन्होंने दुकान का सीसीटीवी फुटेज खंगाला, तो खलेश्वर राजवाड़े को सामान बेचकर राशि अपनी जेब में रखते हुए स्पष्ट रूप से देखा गया। इसके बाद 2 जुलाई को प्रार्थी ने अपने साथी सूरज, शैलेन्द्र एवं अमित की उपस्थिति में कर्मचारी से पूछताछ की। इस पर उसने लगभग 20,000 से 25,000 की नकद राशि एवं कपड़े चोरी करना स्वीकार किया।






## खबर संक्षेप

### शशांक ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में पाई सफलता



**अंबिकापुर।** द चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा मई 2025 में आयोजित परीक्षा में शहर के युवा शशांक मंदिलवार ने सफलता अर्जित की है। चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठापूर्ण परीक्षा में सफलता अर्जित करने से पूरा परिवार एवं जिला गौरवान्वित हुआ है। शशांक, श्रीराम मंदिर रोड निवासी बिपिन बिहारी मंदिलवार के पौत्र एवं डॉ. सुनील मंदिलवार के सुपुत्र और संजीव, सचिन, सौरभ के भतीजे है।

### अभिनव एनएसयूआई से पीजी कॉलेज के प्रभारी नियुक्त



**अंबिकापुर।** एनएसयूआई सरगुजा द्वारा अभिनव कशी को शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एनएसयूआई सरगुजा जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में संगठन को मजबूत एवं छात्र छात्राओं की अधिकार और उनसे जुड़ी समस्याओं से लड़ने को लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हर कदम प्रयास किया जा रहा है जो एक छात्र हित में नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर संगठन ने एक नई जिम्मेदारी के साथ शुभकामनाएं प्रदान की है।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**राजपुर।** विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम बचवार में संचालित लक्ष्य शिक्षण संस्थान में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीईओ डीएन मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पूर्व बीईओ एसपी चतुर्वेदी, सहायक बीईओ शंकरगढ़ विजय कंवर, पूर्व प्राचार्य बालक हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरगढ़ डीडी भगत, भारद्वाज, गिरधारी राम, स्टीफन बाखला ने मेरिट छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। शिक्षक सुदर्शन यादव ने बताया कि लक्ष्य शिक्षण संस्थान की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई। यह शिक्षण संस्थान गरीब, अनाथ, दिव्यांग बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। इस शिक्षण संस्थान से अब तक लगभग 1200 बच्चों का चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा नवोदय, सैनिक विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रयास आवासीय, विद्यालय उत्कर्ष, जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। प्रदेश स्तर पर ओबीसी कैटेगरी में शौर्य सोनी ने प्रथम स्थान, अंशिका कश्यप जनरल बालिका कैटेगरी में प्रथम स्थान, गौसिया नाज अल्पसंख्यक कैटेगरी में प्रथम स्थान, अनुष्का पैकरा एसटी कैटेगरी में चौथा स्थान बनाया तथा अंजू लता पाटले ने प्रदेश में एससी केटेगरी में आठवां स्थान बनाया।

### शराब के नशे में किया जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** डीपाडीहखुर्द निवासी 39 वर्षीय कमलेश्वर टोप्पो आ. स्व. कईला टोप्पो 26 जून की शाम 4 बजे अपनी पुत्री को स्कूटी पर बैठाकर घर जा रहा था। इस दौरान घर के समीप गांव के नरेश्वर कुजूर अ. जोखन कुजूर ने शराब के नशे में धुत होकर कमलेश्वर टोप्पो के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के पटरा से उसके सिर पर वार कर दिया। इस हमले में कमलेश्वर टोप्पो बेहोश हो गया। घायल व्यक्ति को पत्नी व स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। अस्पताल में उपचार के बाद कमलेश्वर टोप्पो ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में नरेश्वर कुजूर आ. जोखन कुजूर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## बरसात के मौसम में तैर कर पार करते हैं नदी

# वर्षों बाद भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ झींक नदी पर पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जान जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे नदी पार करते ग्रामीण।

**खास बात**
- आवागमन में होती है परेशानी

मोहनपुर आमाझरिया गांव के लोगों को आज तक एक पुल नसीब नहीं हो सका। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीण जान जोखिम में डाल झींक नदी को पार करने को मजबूर है। हालांकि नदी में पानी कम होने पर क्षेत्र के लोगों को थोड़ा बहुत परेशानी होती है परंतु लगातार बारिश होने से नदी उफान में होने से यह क्षेत्र पहुंच विहीन क्षेत्र में शामिल हो जाता है जिससे जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को उफनती नदी को तैर कर पार करना उनकी मजबूरी हो गया है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग नहीं है बावजूद इसके आज तक ग्रामीणों को झींक नदी पर पुल नसीब नहीं हो सका। दो दिन पूर्व एक वृद्ध नदी पार कर रहा था तभी पानी के तेज बहाव में बह गया जिसका पता नहीं चला। हालांकि रेस्क्यू टीम अभी भी वृद्ध की तलाश में जुटी है।

रामानुजनगर क्षेत्र के मोहनपुर आमाझरिया गांव पहाड़ी व जंगल के बीच बसा गांव है जहां की आबादी लगभग 250 जबकि 100 से अधिक घरों वाला गांव है। गांव के लोग मुख्य मार्ग तक आने के लिए वर्षों से नदी को पार करते है। इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक मात्र मार्ग है। बारिश के मौसम हो छोड़ दे तो अन्य मौसम में क्षेत्र के लोगों को नदी में पानी कम होने से पार करने में ज्यादा परेशानी नहीं होती परंतु बरसात के दिनों पर नदी उफान में होने से यह क्षेत्र टापू में तब्दील हो जाता है। पुल निर्माण को लेकर गांव के लोगों कई बार मांग की। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ ही समय-समय पर जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराए परंतु वर्षो बाद भी गांव के लोगों को एक पुल नसीब नहीं हो सका जिससे ग्रामीण आवागमन के लिए व्यवस्थित मार्ग नहीं होने से आक्रोशित है। नदी पर पुल नहीं होने से गर्मी व ठंड के मौसम में ग्रामीण किसी तरह काम चला लेते है लेकिन बरसात के मौसम में ग्रामीणों को जान जोखिम में डाल उफनती नदी को पार करना पड़ता है। बरसात में के दिनों में अगर ग्रामीणों को कोई जरूरत आन पड़ी तो उन्हें दूसरी ओर जाने के लिए नदी को तैर कर पार करना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### जान- जोखिम में डाल करते है पार

मोहनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर पुल न होने के कारण उन्हें हर साल बरसात में जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। यह समस्या वर्षों से अनसुलझी है, जिसके कारण ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मोहनपुर आमाझरिया गांव के लोगों को मुख्य मार्ग के लिए नदी को पार करना पड़ता है। जिस रास्ते होकर विकासखंड मुख्यालय काम के सिलसिले में लोगों का आना जाना पड़ता है। बरसात में नदी उफान में होती है ऐसी स्थिति में न सिर्फ आवागमन में परेशानी होती है बल्कि जान जोखिम में डालकर लबालब भरी नदी को तैर कर पार करने को मजबूर है।

#### वृद्ध का नहीं चला पता

जिले में पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर हो रही मूसलाधार बारिश ने नदी-नाले उफान पर है। कई जगहों पर पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है। मोहनपुर आमाझरिया स्थित झींक नदी को पार करने की कोशिश में कर रहे 60 वर्षीय वृद्ध मोहन सोरी पानी के तेज बहाव में बह गया। उसका साथी श्यामपुर के बांसपारा निवासी एक अन्य वृद्ध ने झाड़ी का सहारा लेकर अपनी जान बचा ली लेकिन मोहन सोरी का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। घटना शुक्रवार की दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम शनिवार को घटनास्थल पर पहुंची और 200 मीटर के दायरे में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली।

#### विधायक ने पुल निर्माण के लिए दिया आश्वासन

झींक नदी में वृद्ध के बह जाने की जानकारी लगते ही रविवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार व ग्रामीणों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि मोहनपुर आमाझरिया मोहल्ले में करीब 100 से अधिक घरों में 250 लोग रहते हैं, जिन्हें आवागमन के लिए झींक नदी को पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह जोखिम भरा हो जाता है। लंबे समय से नदी पर पुल निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन आज तक पुल निर्माण के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक नदी पर पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



तेज धार से बहता रेड़ नदी का पानी।



मोटर व स्वीच को टांगते कर्मचारी।

# बांध के पानी से रेड़ नदी व घुनघुट्टा नदी उफान पर, पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल कॉलोनी के 2200 आवासों में पेयजल आपूर्ति हुई ठप

जून माह और फिर जुलाई में क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से नदी व तालाब उफान पर हैं। शनिवार की शाम से लगातार हो रही तेज बारिश के बाद रविवार को घुनघुट्टा डेम के पांच गेट को एहतियातन तौर पर खोलना पड़ा है।

गेट खोलने के बाद रेड़ और घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई है। रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊंचाई के लेवल में रखा गया है,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब बाइस सौ से अधिक आवासों में पेयजल आपूर्ति अभी ठप्प हो गई है।फिल्टर प्लांट के कर्मियों ने बताया कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व स्थान रखने के बाद ही कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बहाल हो पाएगी।देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के बाद लोग नदी का जलस्तर देखने बड़ी संख्या में रेड़ नदी पहुंचे थे।लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो रही है।बारिश में पक्के घरों में सीलन तो वहीं कच्चे घरों में रहने वालों के लिए मुसीबत का सबब बनी है।

### खतरे में रेहर एनीकेट

रेड़ नदी पर ग्राम सतपता में वर्ष 2016-17 में 27 करोड़ की लागत से बने रेहर एनीकट पर भी लगातार बारिश से खतरा मंडरा रहा है।बता दें कि घटिया निर्माण के कारण रेहर एनीकट निर्माण वर्ष में ही पहली बारिश में ही उसके पिलर क्षतिग्रस्त हो गए थे,बाद में मरम्मत और लीपापोती कर एनीकट को किसी तरह खड़ा कर गेट लगा दिया गया।अभी दो वर्ष पूर्व एनीकेट के कई पिलर तेज बारिश में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये जिस कारण एनीकट का स्लैब जगह जगह धंस गया,इस खतरे को देख इस मार्ग से आवाजाही रोकने सिंचाई विभाग ने पेड़ कटवा कर रख दिया।विभाग के एक रिटायर एसडीओ ने बताया कि इस एनीकट का मरम्मत अब संभव नहीं है लेकिन विभाग के अधिकारी पैसे फूंकने के चक्कर में इसके मरम्मत का प्रपोजल तैयार कर पुनः राज्य सरकार के पास भेजा है।बता दें कि शुरुआत में ही भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में इस एनीकट का निर्माण हुआ और पूरा एनीकेट कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया। अब लगातार हो रही बारिश में यह कभी भी ढह सकता है।

### बूचड़खाना ले जा रहे दो मवेशियों की मौत, कीचड़ में फंसी स्कॉर्पियो को छोड़ भागे तस्कर



**कुसमी।** स्कॉर्पियो से बूचड़खाना मवेशियों को लेकर जा रही स्कॉर्पियो कीचड़ में फंस गई। वाहन के नहीं निकलने पर मवेशी तस्कर मवेशी भरे स्कॉर्पियो को छोड़ कर फरार हो गए। इधर जब मवेशियों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला गया तो दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार कुसमी से कोरधा मार्ग में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 5 मवेशियों को एक स्कॉर्पियो में पीछे एवं बीच का सीट निकाल कर ठूंस कर बूचड़खाना ले जा रहे थे। जैसे ही मवेशी तस्कर कुसमी थाना से महज 6 से 7 किलोमीटर की दूर पहुंच तभी राता सिली पंचायत मुख्य मार्ग में रात्रि के समय मिट्टी कीचड़ में स्कॉर्पियो फंस गई। इधर वाहन के कीचड़ से नहीं निकलने पर मवेशी तस्कर स्कॉर्पियो को छोड़ कर फरार हो गए। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो से 5 मवेशियों को बाहर निकला जिसमें दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मवेशी तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर युवक की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर के खड़यिादामर निवासी 22 वर्षीय बिन्नू राम आ. उटाराम राम जमुआटांड में रहकर मजदूरी का काम करता था। 29 अप्रैल को गांव के चनान टोला में शादी समारोह के दौरान मृतक बिन्नू राम बारातियों को जलपान कराने के बाद कंटेनर उठाकर बाइक से रामजी गुप्ता के घर सामान पहुंचाने जा रहा था। इस दौरान जगत कोरवा के घर के पहले खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां 30 अप्रैल को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मर्ग जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बिरला ओपन माइंड में मनाया गया वार्षिक अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विलास भोसकर शामिल हुए। कलेक्टर ने नव-नियुक्त स्कूल कैप्टन और वाइस-कैप्टन को बैज प्रदान किया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में नेतृत्व, टीम वर्क और ईमानदारी के गुणों पर जोर दिया। नवगठित छात्र परिषद से उदाहरण स्थापित करने और स्कूल के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उनके शब्दों ने छात्रों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित किया, जिससे उन्हें अपनी नेतृत्व यात्रा शुरू करते समय मूल्यवान मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिला। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य सुश्री मोना भरकटिया ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने ऐसे सर्वांगीण व्यक्तियों को पोषित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जो न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं बल्कि मजबूत नेतृत्व गुणों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी रखते हैं।

### केआर टेक्निकल कॉलेज के छात्रों ने स्नातक में दिखाया दम



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय घोषित स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में केआर टेक्निकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की है। बीकॉम अंतिम वर्ष में रुनम कुमारी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, बीएससी बायोलॉजी में किरण मानिकपुरी ने 75.33 प्रतिशत, गणित में सत्या सिंह ने 63.27 प्रतिशत एवं बीसीए में मिराज आलम ने 65 प्रतिशत एवं बीए में चंद्रमणि मिश्रा ने 66.11 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। निदेशक डॉ. रीनू जैन ने बताया कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच और महाविद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है। छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा से उत्कृष्टता स्थापित कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, संकाय सदस्यों के समर्पण और संस्था की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी हेमंत सराफ)
**समंस/नोटिस**
(सिविल अपील अन्तर्गत धारा 388 (2) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925)
व्यवहार अपील प्रकरण क्र. 11/2025
प्रोसेस नं.-1159/2025
प्रोसेस दिनांक-03.07.2025
पेशी दिनांक 29.07.2025

पक्षकार:- अवधेश कुमार ----अपीलार्थीगण
-:विरुद्ध:-
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर व अन्य --- उत्तरवादीगण

**ईश्तहार**

प्रति,
आवेदक अवधेश कुमार के द्वारा व्यवहार अपील प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।
अतः अनावेदक क्रमांक-02 आम जनता (जिनका हित हो) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।
यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।
इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 03/07/2025 को जारी।

(हेमंत सराफ)
प्रधान जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 6 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक - 5 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

बैठने का समय :-
सुबह - 9:30 से 1:30 बजे तक
शाम - 6:00 से 8:00 बजे तक
डॉ. चंद्रांशु त्रिपाठी
MBBS, MS (General Surgeon) MCH (Urology)
Consultant Urologist, Andrologist, Uro-Oncologist
Laparoscopic & Kidney Transplant Surgeon
सम्बंधित परेशानी एवं लक्षण हेतु
☑ पेशाब करने में कठिनाई, रक्त या असामान्य स्त्राव
☑ पीठ के निचले हिस्से में दर्द जननांगों में दर्द
☑ बार-बार पेशाब आना किडनी की पथरी
☑ गुर्दे व पेशाब नली के पथरी का सर्जरी
☑ पेशाब करते समय दर्द या जलन
☑ अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक द्वारा सभी प्रकार के पथरी का सर्जरी
श्री राम हॉस्पिटल
शितला वार्ड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
जानकारी व पंजीयन हेतु 8770785415, 07774-220208

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन MBBS, MS., M.CH Neuro Surgeon
डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डॉएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
6 जुलाई 2025 दिन - रविवार

के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
8435061866, 9926020334, 9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA, BCA, BBA, BCOM, BSC (BIO/MATHS/CS), BA, MSC (BOTANY/ZOOLOGY), MSC (CHEMISTRY), MSC (MATHS), MSC (PHYSICS), MSC (CS/IT), MCOM, MSW, MA* (HINDI), PGDBM, PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों. 98261-83771

## खबर संक्षेप



### नौ दिन बाद मौसी के घर से लौटे जगन्नाथ महाप्रभु

**प्रतापपुर।** मौसी के घर नौ दिनों तक रहने के बाद आज जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। नगर में पहली बार जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई जिसके बाद महाप्रभु नौ दिनों तक अपनी मौसी के घर में रहे। आज विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद रथ से जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। इसी दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच श्रद्धालुओं में रथ खींचने होड़ मची रही। साथ ही भगवान जगन्नाथ का जगह-जगह भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर हुई संगोष्ठी



**राजपुर।** भाजपा कार्यालय बलरामपुर में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में चलाए गए संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम अंतर्गत जिला सह संयोजक भानु प्रकाश दीक्षित आह्वान पर एक दिवसीय संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण मिश्रा रहे। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी के जयंती पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद् एवं प्रकार वक्ता राष्ट्रवादी चिंतक थे। वहीं कार्यक्रम में जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, ओबीसी आयोग के सदस्य एवं आज के कार्यक्रम के जिला संयोजक कृष्णा गुप्ता, जिला सह संयोजक मुकेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, अजित सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, अजय यादव सहित सभी जिले के मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री व सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### करंट से हुई युवक की मौत पर बंग समाज ने की मुआवजा की मांग



**मदनपुर।** ग्राम पंचायत मदनपुर बंगालीपारा निवासी संतोष विश्वास आ. चित्तो विश्वास गुरुवार की सुबह विद्युत पोल से घर में आए कनेक्शन को सुधार करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। आज बंग समाज कल्याण समिति के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी एवं सदस्य पीड़ति परिवार से मिले। बंग समाज ने बिजली विभाग से बात कर उचित कार्रवाई कर मुवाबजा देने की बात कही। पीड़ति परिवार के दो छोटे बच्चे है बंग समाज कल्याण समिति ने एक बच्चे का शिक्षा का खर्चा का जिम्मा लिया एवं अन्य मुद्दे पर चर्चा किया की। इस दौरान बंग समाज के प्रांतीय अध्यक्ष रामू घोष, संरक्षक दिलीप धर, सुशांत घोष, संदीप सरकार, अजित समादर, पवन बर्मन, समीर मंडल, जगदीश, विजय राय, गोपाल हालदार, सुमंत सिकदर, सूरज दास, तारक सरदार, अमल दास, सुखदेव मंडल एवं अन्य उपस्तिथ थे।

### हैंडपंप मरम्मत होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस

**कुसमी।** जनपद पंचायत सदस्य के प्रयास से ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ महकेपी का लंबे समय से खराब हैंडपंप को मैकेनिक बुलाकर मरम्मत कराया गया। सालो बाद हैंड पंप के मरम्मत होने से ग्राम पंचायत सतीपारा के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जनपद सदस्य नमीता बड़ा ने बताया कि कई वर्षों से यह हैंडपंप खराब की स्थिति में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## पेज 1 के शेष...

### बादलों ने घटाई विजीबिलीटी..

गया था और पार्थिव शरीर लेकर आने वाले विमान को भी उड़ान भरने का मौका नहीं मिल पा रहा था। मौसम में थोड़ा सा सुधार होने और दृश्यता बढने पर 4 जुलाई की शाम 4 बजे विमान ने किसी तरह उड़ान भरी। दृश्यता में कमी और घने बादलों का असर सीधा असर अब व्हीआईपी अतिथियों के विमानों पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि इस खराब मौसम में अतिथियों के विमान कैसे लैंड करेंगे। यदि सोमवार को मौसम इसी तरह खराब रहा तो भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के विशेष विमान की लैंडिंग भी चुनौती होगी।

### भारी बारिश से जलमग्न हुआ...

निकलना बंद हो जाता है लेकिन इस बार पॉश इलाके की कॉलोनियां सहित शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं तथा मुख्य सड़क तालाब में तब्दील होने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार की सुबह 172.8 मिकी वहीं शाम 5 बजे 14.0 मिमी कुल 196.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जल भराव के पीछे पानी निकासी के मार्गों को अवरूद्ध कर आबादी विकसित करने को बड़ा कारण माना जा रहा है।

## शहर में निकाला गया मातमी जुलूस

# अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम





जुलूस में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर में विभिन्न चौकों पर फ़ातिहखानी के साथ ही लंगर बांटा गया। वहीं शाम को शहर सहित जिले भर में मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया। हालांकि शनिवार रात से लगातार हो रही बारिश का असर मातमी पर्व मोहर्रम में भी देखने को मिला।

**खास बात**

- बारिश ने डाला खलल

बता दें कि मुस्लिम समाज का दस दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम 27 जून से शुरू हुआ था। मोहर्रम से ही मुस्लिम समाज के नए वर्ष की शुरुआत होती है। ऐसे में मुस्लिम समाज द्वारा पहले मोहर्रम से ही चौकों पर फातिहा खानी का आयोजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा जगह जगह मिलाद शरीफ व लंगर का आयोजन किया गया। दसवीं मोहर्रम को पहलाम के दिन सुबह से ही मस्जिदों व मोहल्लो में मीलाद का आयोजन किया गया जबकि शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग अपने अपने ताजिया व अलम के साथ जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। इस दौरान शहर के श्रीगढ़, नवागढ़, पर्राडांड, मोमिनपुरा, रसूलपुर, बरेजपारा, सोनपुरकला व अन्य स्थानों से समाज के लोग ताजिया व अलम के साथ महामाया चौक होते हुए देर शाम सदर रोड पहुंचे। सदर रोड के कादिमी चौक पर सभी अलम की मिलनी कराई गई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया गया। देर शाम तक चले जुलूस के बाद लोगों ने करबला में फातिहाखानी के बाद मोहर्रम पर्व का समापन किया। हालांकि इस दौरान बारिश का असर भी मोहर्रम में देखने को मिला।

### हसन हुसैन की शहादत में निकाली गई मातमी जुलूस

प्रतापपुर। मुस्लिम समुदाय द्वारा हसन हुसैन की शहादत में मातमी जुलूस एक से एक ताजिया नगर में निकली गई। विभिन्न कमेटियों द्वारा एक से बढ़कर एक ताजिया बनाई गई थी। हसन हुसैन की शहादत में लोगों ने ताजियादारी का माध्यम से नगर के राजघराना चौक, कदम पारा चौक, बस स्टैंड सहित नगर भ्रमण किया। इसी दौरान ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरुष बच्चों ने बढ़ चढ़कर मातमी जुलूस में शामिल रहे।



इस दौरान शहर में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी से सदर इरफान सिद्दीकी, शफी अहमद, अफजाल अंसारी, शकील असांरी, रशीद अंसारी, अब्दुल लतीफ, पार्षद बाबर इदरिशी, परवेज आलम गांधी, इसाउद्दीन अंसारी, सादिक हुसैन, अमीर अंसारी आदि मौजूद थे।



## मैनपाट में मनाया गया दलाई लामा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को मैनपाट में तिब्बती समाज के द्वारा दलाई लामा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जबकि केक काटकर खुशियां मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने भी शिरकत की। बता दें कि देशभर में रविवार को धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया गया। दलाई लामा के जन्मदिन को मनाने के लिए मैनपाट में तिब्बती समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। मैनपाट के तिब्बती मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान जन्मदिन के कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक राम कुमार टोप्पो, आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने केक काटकर तिब्बती समाज के लोगों को दलाई लामा के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वहीं समाज की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और दलाई लामा का जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर मैनपाट के सभी 7 तिब्बती कैम्प से समाज के लोग एकत्रित हुए थे।

- क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने काटा केक

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सांसद चिंतामणि महाराज की मुख्य आतिथ्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव द्वारा स्तरीय सभी विद्यालयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि आज के समय में विद्या ही ऐसा धन है जिसे कोई भी चुरा नहीं सकता है, न ही बाट सकता है। विद्या का ज्ञान दूसरों को देने से बुद्धि का सर्वांगीण विकास होता है। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है, डॉक्टर अगर गलत तरीके से इलाज करता है तो दो चार व्यक्ति की मृत्यु हो जाएगी लेकिन शिक्षक अगर गलत तरीके से बच्चों को शिक्षा देंगे तो शिक्षा की अज्ञानता के कारण विद्यार्थी का भविष्य खराब होने के साथ पूरा राज्य व देश संकट में हो जाएगा। शिक्षक अपनी कर्तव्य का अच्छे तरह से निर्वहन करते हुए विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज सहित अतिथियों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर एवं पुस्तक वितरण करते हुए शाला प्रवेश कराया। वहीं इस वर्ष के 5 वी, 8 वी 10 वीं एवं 12 वीं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होने छात्र-छात्राओं को सांसद द्वारा मेडल पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया,तहसीलदार सुनील गुप्ता, शशिकांत दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभिषेक पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, वन परिक्षेत्राधिकारी काली राम, संजय जायसवाल, अरविंद तिवारी, राकेश भारती, नितेश तिवारी, ममता पैकरा, शशि टोप्पो, प्रदीप गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, मो. शमीम, देव साय भगत, ब्रिज पैकरा, शंभू पैकरा, हरेंद्र पैकरा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मानसून की मूसलाधार बारिश से क्षेत्र में जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है जबकि दुर्घटनाओं का सिलसिला भी जारी है। रविवार की सुबह भी तेज रफ्तार वाहन गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

- बारी बारिश से राजपुर-ओकरा मार्ग पर बंद रहा आवागमन

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि वाहनों को निकलने का काम जारी था। बताया जा रहा है कि आयशर कंपनी के मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके 4099 में चालक रामलखन अपने दो अन्य साथियों के साथ किराना सामान और धान लोड कर अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था। इस दौरान क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों, गागर, गेउर नदी के पुल पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही चालक वाहन को लेकर गागर नदी के पुल पर गड्ढों में भरे पानी के कारण चालक ने वहां से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन सीधे पुल से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजपुर एसडीएम देवेन्द्र प्रधान, बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर व पुलिस टीम ने घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले तूफान पर है। राजपुर ओकरा मुख्य मार्ग पर गेउर नदी पुल के ऊपर लगभग 2 फीट ऊपर से पानी बह रहा था जिससे रविवार को सुबह 10 बजे तक आवागमन प्रभावित रहा।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## स्वास्थ्य विभाग को रखा गया अलर्ट मोड पर, 5 बिस्तर आरक्षित रखने के निर्देश

**अंबिकापुर।** मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड़ में रखा गया है। इस आयोजन को लेकर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि मैनपाट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 7 से 9 जुलाई तक प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भी मैनपाट में उक्त दिवस में आवागमन होगा। ऐसे में संभाग स्तर में आवागमन के दौरान किसी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आवागमन से संबंधित समस्त राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट संभाग के समस्त जिला चिकित्सालयों, समस्त सिविल अस्पतालों, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयों का भण्डारण तैयार रखा जाए व आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण भी क्रियाशील हो। चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की भी पूर्ण रूप से सभी शासकीय अस्पताल में मुस्तैदी से तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट संभाग के समस्त जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में न्यूनतम 5 बिस्तर पूर्व से ही आरक्षित रखा जाए ताकि उक्त अवधि में किसी भी आपातकालीन विषम परिस्थिति में तत्काल चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

- संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने जारी किया आदेश

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## एनएच 343 शहर के बीच से जाने पर नगरवासी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 रामानुजगंज शहर के बीचों-बीच से जाने की आशंका को लेकर नगरवासियों की चिंता दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। इस बीच शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग जो शहर के बीचों-बीच से प्रस्तावित है उसे शहर के बीचों-बीच से न ले जाकर पुरानडीह होकर ले जाने की मांग की है। शहर बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग जाता है तो इसमें शासन को मुआवजे का भार बहुत ही कम आएगा। वहीं सैकड़ों घर जो शहर के बीचों-बीच राष्ट्रीय राजमार्ग जाने से प्रभावित होंगे वह उजड़ने से बच जाएंगे।

- पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग ले जाने की मांग



गौरतलब है कि विगत 4 वर्षों से शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के बीचों-बीच से जाने का लगातार विरोध कर रहे है। यहां तक कि अपनी बात कई बार उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई गई है। कांग्रेस शासन काल के दौरान मंत्री, विधायक यहां तक कि मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह से शहर बचाओ संघर्ष समिति ने अपनी बात रखी थी। वहीं वर्तमान भाजपा सरकार के दौरान भी जनप्रतिनिधियों से शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा अपनी बात रखते हुए शहर के बीचों बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग जाने का विरोध करते हुए पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग ले जाने की मांग की है।

इस संबंध में शहर बचाओ संघर्ष समिति के प्रदीप केसरी उर्फ लट्टू केशरी ने बताया कि यदि शहर के बीचों-बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग जाता है बड़ी संख्या में घर प्रभावित हो सकते है और मुआवजा का भार भी शासन पर अधिक आएगा। 4 वर्षों के दौरान हम लोगों द्वारा अपनी बात हर सक्षम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के सामने रखी गई है। उम्मीद है कि हम लोगों की बात को गंभीरता से लेते हुए पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग को ले जाया जाएगा तो घर उजड़ने से बच जाएंगे और शासन पर मुआवजे का व्ययभार भी कम आएगा।

### लोगों की उड़ी नींद

राष्ट्रीय राजमार्ग वर्तमान में अग्रसेन चौक से पहाड़ी मंदिर चौक, भारत माता चौक, लरंगसाय चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय मार्ग होकर निकलेगी। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में घर टूटेंगे। सैकड़ों नगर वासियों की नींद राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्वे के बाद उड़ी हुई है। हर कोई अपने स्तर से इसे रोकने का प्रयास कर रहा है।

### कई बार कर चुके हैं आपत्ति दर्ज

शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बीते 4 वर्षों में कई बार रायपुर से लेकर अंबिकापुर यहां तक की दिल्ली की दौड़ भी लगाई जा चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्च अधिकारियों से कई बार शहर बचाओ संघर्ष समिति के लोग मिल चुके हैं। उनका बार-बार यही अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के बीचों-बीच से न जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411